परीक्षा नियंत्रक

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009 (उ0प्र0) भारत

Controller of Examination

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur-273009 (U.P.) India

Accredited A++ by NAAC

Website: http://ddugu.ac.in

पत्रांक : 7489/प0नि0का0/2023 दिनांक 15/09/2023

सूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि माननीय कुलपति जी के आदेश के क्रम में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के बी0ए0/बी0काम0/बी0एस–सी0/बी0एस–सी0 गृह विज्ञान, भाग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा बी0एस–सी0 कृषि, भाग द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ तथा एम0ए0/एम0काम0 भाग प्रथम एवं द्वितीय वर्ष–2023 की वार्षिक लिखित परीक्षा में सम्मिलित **(सेमेस्टर सिस्टम को छोड़ कर)** जिन छात्रों की प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा छूट गयी है, ऐसे छात्रों की छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर के सम्बन्धित विषय के विभागों में सम्पन्न करायी जानी है। आनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म भरने, एवं इण्डियन बैंक नेट बैंकिंग के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा करने के लिए तिथि निम्नवत निर्धारित की जाती है।

आनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म भरने, एवं इण्डियन बैंक नेट बैंकिंग के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा करने की तिथि	**दिनांक–16/09/2023 से दिनांक–22/09/2023 तक**
सम्पूरित परीक्षा फार्म की हार्ड कापी, अंकपत्र एवं प्रवेश पत्र की छायाप्रति, एम0आई0एस0 शुल्क रसीद के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा सामान्य अनुभाग में जमा करने की अंतिम तिथि	**दिनांक–23/09/2023 तक**

निर्धारित परीक्षा शुल्क

प्रत्येक अभ्यर्थी के एक विषय की प्रयोगात्मक/मौखिकी की परीक्षा हेतु रू0 2500.00 (दो हजार पांच सौ रू0 मात्र)

प्रत्येक अभ्यर्थी के दो विषय की प्रयोगात्मक/मौखिकी की परीक्षा हेतु रू0 4000.00 (चार हजार रू0 मात्र)

प्रत्येक अभ्यर्थी के तीन विषय की प्रयोगात्मक/मौखिकी की परीक्षा हेतु रू0 5000.00 (पांच हजार रू0 मात्र)

आनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म छात्र–छात्राओं द्वारा स्वयं विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://ddugu.ac.in पर भर कर, इण्डियन बैंक नेट बैंकिंग के माध्यम से प्रत्येक विषय का उपरोक्त निर्धारित शुल्क के अनुसार धनराशि जमा करने के पश्चात आनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म की हार्डकापी एवं एम0आई0एस0 शुल्क रसीद डाउनलोड करके सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य से अग्रसारित करा कर, अंकपत्र एवं प्रवेश पत्र की छायाप्रति, एम0आई0एस0 शुल्क रसीद के साथ आनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म की हार्ड कापी विश्वविद्यालय के परीक्षा सामान्य अनुभाग में **दिनांक–23/09/2023 तक** प्रत्येक दशा में जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति में छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षाएं सम्पन्न कराना सम्भव नहीं होगा।

15/09/2023

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष दी0द0उ0गो0वि0वि0गोरखपुर।
2. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय।
3. वित अधिकारी।
4. प्रभारी, ई0डी0पी0 सेल।
5. प्रभारी, आई0टी0सी0 सेल।
6. प्रभारी, विश्वविद्यालय मीडिया।
7. सहायक कुलसचिव(परीक्षा)।
8. अधीक्षक, परीक्षा गोपनीय/परीक्षा सामान्य।
9. वै0सहायक, परीक्षा नियंत्रक।
10. प्रभारी, निजी सचिव–कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

15/09/2023

परीक्षा नियंत्रक